सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/105 दिनांक 12–6–2017

''अपमा द्वारा जीएसटी कार्यशाला सफलता के साथ सम्पन्न''

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि शनिवार दिनांक 10–6–2017 को सुबह 11.00 बजे तिकोना पार्क में जीएसटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जीएसटी से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने हेतु **Shri Sushil Verma ji (Ex-President Tax Tribunal Bar Asscoation)** जी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में अपमा के पूर्व प्रधान श्री वी.ए. दीवान जी, निवर्तमान प्रधान श्री रामदास कुकरजा जी उपस्थित थे।

साथियों, इस जीएसटी कार्यशाला में व्यापारी भाईयों ने उत्साह एवं जागरूकता से भाग लिया, आये हुए व्यापारी भाईयों ने अपने–अपने व्यापार से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका जीएसटी विशेषज्ञ ने पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिये एवं जीएसटी से संबंधित सभी शंकाओं का जवाब दिया। इसके अलावा जीएसटी विशेषज्ञ ने बताया कि किन–किन तरीकों से कर प्रणाली के अन्तर्गत लाभ उठा सकते है और किस प्रकार इसका सदुपयोग कर पायेंगे इसके बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में पधारे व्यापारी भाईयों ने जीएसटी कर प्रणाली के विषय पर अपना ज्ञान बढाया जोकि आने वाले समय में उनके काम आएगा।

साथियों, आपकी अपमा के प्रयासों से ट्रेक्टर पार्ट्स का जीएसटी तो घट के 18% हो गया है जिसके लिए हम कंफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का और विशेषकर श्री प्रवीण खण्डलेवाल जी तथा श्री नरेन्द्र मदान जी और चैम्बर ऑफ ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री का और विशेषकर श्री ब्रिजेश गोयल जी का आभार व्यक्त करते है। मोटर पार्ट्स पर जीएसटी कम करवाने का प्रयास आगे जारी रहेगा।

व्यापारी भाईयों मोटर पार्ट्स पर 28% जीएसटी दर तय किये जाने का हम घोर विरोध करते है, हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी, इसकी जानकारी आपको समय–समय पर सरकूलर के माध्यम से दी जाऐगी। किसी कारणवश यदि व्यापारी भाई जीएसटी की कार्यशाला में उपस्थित नहीं हो सकें उनसे अनुरोध है कि आगे आने वाली कार्यशालों में अवश्य भाग लें

''सदैव व्यापारी हितों के लिए तत्पर आपकी अपनी अपमा''

(उमेश सेठ)
सचिव